Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for restarting Gandak and Kosi Project Phase-II.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदय, मैं नियम 377 के अधीन सरकार का ध्यान बिहार में दस लाख हैक्टेयर जमीन में जल जमाव की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जल जमाव से मुक्ति के लिए गंडक और कोसी के फेज-दो में प्रावधान था। पूर्व में जल जमाव से मुक्ति के लिए कुछ कार्य भी प्रारम्भ किए गए थे और गंडक एवं कोसी परियोजना फेज-दो का कार्यान्वयन करना था जो अभी तक नहीं हुआ। राज्य सरकार वित्तीय संकट में है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गंडक और कोसी परियोजना के फेज-दो को पुनः चालू कराने एवं जल जमाव से मुक्ति हेतु केन्द्र सरकार राज्य सरकार को पर्याप्त सहायता प्रदान करे।